### गौपालक की शिकायत पर नीलेश जैन पिता दशरथ जैन है आरोपी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

# गौमाता को लोहे की रॉड से जख्मी करने वाले पर हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। गौवंश की रक्षा और सुरक्षा करना यह मानवता के प्रति सच्ची श्रद्धा है। ऐसे में अगर कोई रॉड से गौमाता को मार मारकर जख्मी कर दे तो इतनी क्रूरता असहनीय हो जाती है।

ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां अंतरवेल कॉलोनी थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाड़ा निवासी नीलेश जैन पिता दशरथ जैन द्वारा गाय और बछड़े को लोहे की रॉड से पीट पीटकर घायल कर दिया। इतना ही नहीं पैरों पर इतना मारा की खून की धार लग गई। नीलेश जैन की बेशर्मी तो देखिए इतना सब कुछ करने के बाद गाय मालिक को फोन लगाकर बोला गया कि तुम अपनी गाय ले जाओ। जब





गाय के मालिक कुंजबिहारी धरमक ने अपनी गायों की दुर्दशा को देखा तो कलेजा काँप उठा। उन्होंने अपने कुछ साथियों को फोन लगाकर बुलाया और इस बात की शिकायत थाना कुंडीपुरा चौकी धरमटेकड़ी को दी गई। गौ पालक की शिकायत पर सुबह से लेकर शाम तक जब पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तब बजरंग दल के कार्यकर्ता और विहिप के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता धरमटेकड़ी पहुंच गए। अंततः पुलिस ने प्रार्थी कुंजबिहारी धरमक की शिकायत पर ए फ आ ई आ र दर्ज की। अपराध क्रमांक बीएनएस की धारा 2023 के तहत धारा 325 और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत अपराध क्रमांक 0577 पंजीकृत किया गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा यह बताया गया कि गाय और बछड़े का इलाज स्थानीय डॉक्टर प्राची चड्डा द्वारा किया गया। वहीं नीलेश जैन पिता दशरथ जैन निवासी अंतरवेल कॉलोनी थाना कुंडीपुरा के खिलाफ पशु अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की मांग की गई ताकि नीलेश जैन जैन समाज के अहिंसा परमो धर्मः के शब्दों का अनुसरण कर सके।

#### क्या है धारा 325

पशु को मारने, जहर देने, विकलांग बनाने या बेकार करने द्वारा शरारत करेगा, उसे किसी एक अवधि के लिए कारावास से जो पांच वर्ष तक हो सकती है या जुर्माने से या दोनों से दंडित किया जा सकता है। हालांकि यह जमानती अपराध है। धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत भी दंडित किया जाता है।

#### इनका कहना है

घटना परसो की है और आज एमएलसी कराई गई है। पशु के घाव का इलाज तो किया गया है परंतु चोट कैसे लगी कुछ कहा नहीं जा सकता।

डॉ. प्राची चड्डा, पशुचिकित्सालय छिंदवाड़ा

### आपूर्ति विभाग ने की क्षेत्र में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच

## जांच में 3 प्रतिष्ठानों से 4 घरेलू गैस सिलेण्डर किए गए जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार सहायक आपूर्ति अधिकारी राघवेन्द्र सिंह लिल्होरे एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी सरफरोज खान द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को छिन्दवाड़ा नगरीय क्षेत्र स्थित होटल/प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग के संबंध में जांच की गई। संयुक्त जांच दल द्वारा जांच में मेसर्स हरे माधव होटल जनपद से 02 घरेलू गैस सिलेण्डर, मेसर्स नाश्ता पॉइन्ट ईएलसी चौक एवं मनोहर चाय ईएलसी चौक से 01-01 घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये गये।घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से संग्रहण एवं दुरूपयोग पाये जाने के कारण इन 03 प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कुल 04 घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसके अतिरिक्त शहर के अन्य प्रतिष्ठानों यथा मेसर्स महागौरी टेस्टी दाबेली, मेसर्स महालक्ष्मी चाट एवं इंजीनियर चाय वाला प्रतिष्ठानों पर भी घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग के संबंध में जांच की गई।

इसके अलावा शहरी क्षेत्र स्थित ईएलसी चौक पर मॉकेटिंग सोसायटी द्वारा संचालित पेट्रोल पम्प की भी जांच की जाकर शासन द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किये जाने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## जिले में अभी तक 786.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 786.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1001.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिला 25 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 2.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 2.2, मोहखेड़ में 3.2, तामिया में 06, अमरवाड़ा में 01, परासिया में 02, जुन्नारदेव में 8.8, चांद में 0.2 और उमरेठ में 8.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 667.6, मोहखेड़ 771.7, तामिया में 870, अमरवाड़ा में 803.2, चौरई में 732, हर्रई में 1107.7, बिछुआ में 742.8, परासिया में 618.6, जुन्नारदेव में 800.6, चांद में 810.1 और उमरेठ में 764.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## बायर ने कैमलस की लॉन्चिंग का किया ऐलान

बायर ने लॉन्च किया कैमलस, ज्यादा स्मार्ट एवं सस्टेनेबल कीट प्रबंधन के लिए अनूठा पेस्ट स्पेक्ट्रम कीटनाशक

**छिंदवाड़ा।** कृषि एवं हेल्थकेयर सेक्टर से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाली वैश्विक कंपनी बायर ने कैमलस की लॉन्चिंग का एलान किया है। यह एक अनूठा पेस्ट स्पेक्ट्रम कीटनाशक है, जिसे विशेष रूप से भारत के बागवानी किसानों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। चबाने और चूसने वाले कीटों (च्यूइंग एंड सकिंग पेस्ट) को नियंत्रित करने के लिए अनूठे पेस्ट स्पेक्ट्रम कंट्रोल के साथ यह दोहरे




एक्शन में काम करता है, जो कि बागवानी फसलों की खेती के लिए जरूरी है।इस लॉन्चिंग के मौके पर भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका के बायर के क्रॉप साइंस डिवीजन के क्लस्टर कॉमर्शियल लीड मोहन बाबू ने कहा, 'भारत में पोषण की जरूरतों को पूरा करने में सब्जियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और वैश्विक निर्यात में देश की स्थिति को मजबूत करने की क्षमता भी इसमें है। जैसे-जैसे सब्जियों की खपत बढ़ रही है, उत्पादकता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। बायर में हम अपने इनोवेटिव एवं सस्टेनेबल सॉल्यूशंस के माध्यम से भारतीय किसानों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कैमलस के साथ हमने एक नेक्स्ट-जनरेशन इंसेक्टिसाइड तैयार किया है, जिससे न केवल कीट प्रबंधन को मजबूती मिलेगी, बल्कि इससे भारत एवं विश्व के लिए सब्जियों की दृढ़ एवं उच्च गुणवत्ता वाली वैल्यू चेन तैयार करने में भी मदद मिलेगी।'

### उप संचालक ने किया 1962 चलित पशु चिकित्सा ईकाई जिला स्तर के वाहन का आकस्मिक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा आज 1962 चलित पशु चिकित्सा ईकाई जिला स्तर के वाहन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्राप्त टिकिट के 02220692508250000009 कॉलर सुरेश टाण्डेकर निवासी वार्ड नंबर-9 महारानी लक्ष्मीबाई छिंदवाड़ा के बीमार बैल का ईलाज स्वयं उप संचालक डॉ.पक्षवार द्वारा किया गया। पशुपालक सुरेश टाण्डेकर द्वारा इस सेवा का लाभ लेने के बाद पशुपालन विभाग को धन्यवाद किया गया। इसके बाद नरसिंहपुर रोड पर स्थित श्री कुंजबिहारी धर्मक के नाटा का ईलाज किया गया, जिसमें उप संचालक डॉ.पक्षवार के द्वारा स्वयं घाव पर मलहम पट्टी की गई । इस दौरान डॉ.छत्रपाल टाण्डेकर, कांतिक परतेती, वाहन चालक चंचलेश उपस्थित रहे। 1962 चलित पशु चिकित्सा ईकाई के सुचारु संचालन के लिये प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार प्रचार-प्रसार करते हुये कम से कम 5 केस प्रतिदिन एमवीयू यूनिट द्वारा अटेण्ड करने के निर्देश दिये गये ।

## ग्रामीणों ने सीखी आनंदमय जीवन जीने की कला

### पर्यटन ग्राम सावरवानी के पंचायत भवन में आयोजित हुआ अल्पविराम कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय से रिस्पॉसबल टूरिज्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ग्राम का पुरस्कार प्राप्त पर्यटन ग्राम सावरवानी में राज्य आनंद संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम अल्पविराम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यहां पर ग्रामीणों को आनंदमय जीवन जीने की कला सिखाई गई।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने ग्राम में होम स्टे बनवाए हैं और जिला प्रशासन के द्वारा गांव को मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों के साथ खुशनुमा और उत्साहित माहौल



बनाने के टिप्स भी ग्रामीणों को दिए गए। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह व सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद ने कार्यक्रम में सहयोग किया। सावरवानी ग्राम के पंचायत भवन में आयोजित अल्पविराम कार्यक्रम में राज्य आनंद संस्थान भोपाल से श्री देवाशीष, श्री मुकेश द्वारा परिपूर्ण आनंदमय जीवन जीने की विद्या एवं जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के विषय में विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर सावरवानी के होम स्टे संचालकों के साथ सभी ग्रामवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

अल्पविराम कार्यक्रम में सावरवानी के साथ आस-पास की झिरपा-चावलपानी सेक्टर पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व जनपद पंचायत तामिया का स्टाफ भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ।

## मूंग फसल का अविलम्ब भुगतान करने की रखी मांग

### किसानहित में छिन्दवाड़ा ग्रामीण कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन उपरांत भुगतान नहीं किए जाने से नाराज अन्नदाता ने छिन्दवाड़ा ग्रामीण कांग्रेस के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन प्रस्तुत किया। महामहिम राज्यपाल के नाम प्रस्तुत ज्ञापन में चार सूत्रीय मांगों को अविलम्ब पूरा करने की मांग की गई है साथ ही किसानों से पहले सेटिंग के माध्यम से व्यापारियों से की गई मूंग खरीदी का जमकर विरोध किया।

कांग्रेस ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि भाजपा की सरकार ने मूंग की खरीदी तो कर ली, किन्तु अभी तक भुगतान नहीं किया जिसके चलते किसान परेशान है। इसी तरह खरीदी के समय में बारदानों की कमी का भी सामना करना पड़ा, ऐसा पुनः ना हो इसका विशेष ध्यान रखने की मांग की गई। अपनी चार सूत्रीय मांगों में छिन्दवाड़ा ग्रामीण



कांग्रेस भाग 1 एवं 2 के पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा सरकार का अन्याय व अत्याचार पूर्ण रवैया किसानों के साथ लगातार जारी है। समर्थन मूल्य पर मूंग का उपार्जन हुए 40 दिवस बीत चुके हैं, किन्तु अभी तक अनेकों किसानों को भुगतान नहीं किया गया। परिणामस्वरूप आर्थिक संकट से जूझ रहे। सरकार की ओर से भुगतान न किया जाना पूर्णतः अन्याय पूर्ण निर्णय है, किसान भाइयों को तत्काल मूंग का भुगतान किया जावे। देश के कृषिमंत्री से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री तक अपने आपको किसान हितैषी कहते नहीं थकते, किन्तु इनके कार्यो से कहीं भी ऐसा प्रतीत नहीं होता। वर्तमान में जिले के अनेकों किसानों का मूंग फसल का भुगतान अटका हुआ है। जिले में मूंग उपार्जन का कार्य दिनांक 8 अगस्त को पूरा हो चुका है, बावजूद इसके आज तक अनेकों किसानों का भुगतान नहीं होना भाजपा सरकार की नाकामी है या फिर जानबूझकर किसानों को परेशान किया जा रहा, जो कि उचित नहीं है।

ज्ञापन सौंपते समय मनीष पाण्डेय, जय सक्सेना,जीवन पटेल, अजय सिंह पटेल विधायक प्रतिनिधि संतोष पटेल, सोहन उसरेठे मनोज वानखेड़े, संगीता तिरगाम, अश्वनी पटेल,सोहन उसरेठे, भरत पटेल, प्रकाश पटेल,प्रशांत (गोलू पटेल), सेवकराम वर्मा, धनीराम वानखेड़े, सुधीर पटेल,सुनील पटेल, अर्जुन पटेल, भरत पटेल,नरेंद्र पटेल, दीपक साहू,दिनेश साहू , द्वारका यदुवंशी ,अर्पित तिवारी , दशरथ उइके,यश कराड़े, कुलदीप धुर्वे,गोपाल उसरेठे , मोनू लाड़े, सिद्धार्थ कराड़े,संजय पप्पू पाल,अखिलेश यादव,उमेद पटेल,शरद पटेल, संदीप सोनी,दुर्गाप्रसाद एवं नवीन पटेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

## एनएच अधिकारियों की अनुपस्थिति पर दिया कारण बताओ नोटिस

**हरिभूमि न्यूजःछिन्दवाडा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में पाया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े किसी भी अधिकारी की उपस्थिति टीएल बैठक में नहीं रही। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ईई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।



**सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग की समीक्षाः** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन विभागों की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में पिछले माह की तुलना में 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अब सभी अधिकारी प्रत्येक सप्ताह यह रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे कि सप्ताहभर में कितने सीएम हेल्पलाइन आवेदनों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस हेतु एडीएम, संयुक्त कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर की दिनवार ड्यूटी लगाई गई है ताकि अस्पताल की व्यवस्थाओं का प्रतिदिन निरीक्षण हो सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में कुछ स्थानों की साफ-सफाई ठीक से नहीं हो रही है और कई डॉक्टर समय पर अस्पताल नहीं पहुंच रहे हैं। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने सिविल सर्जन को कारण बताओ नोटिस जारी करने और स्थिति को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए।

**स्कूल और स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण की समीक्षा :** बैठक में अधिकारियों द्वारा किए गए स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण की भी समीक्षा हुई। कुछ विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आईं। कलेक्टर श्री सिंह ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से सुझाव मांगे कि जिले में संचालित जेईई और नीट की कक्षाओं की गुणवत्ता को और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है। समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, एडीएम धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम सुधीर जैन, सयुंक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार पटेल व पुष्पेन्द्र निगम, आयुक्त नगर निगम सी.पी.राय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## कमीशन के चक्कर में अधूरा पड़ा पिचिंग वॉल का निर्माण कार्य

**दमुआ।** नपा दमुआ के निकाय क्षेत्र वार्ड नं. 3 हनुमान दफाई एरिया क्षेत्र की बस्ती मे कन्हान नदी मे बाढ आने पर बहाव का पानी बस्ती मे घुसता है जिसको रोकने के उद्देश्य से नदी के किनारे से पिचिंगवाल का निर्माण कार्य वर्षो से चल रहा है फिर भी निर्माण कार्य अभी तक पूरा नही हुआ है। जबकि दो-तीन साल हो चुके परन्तु पिचिंग वाल का निर्माण कार्य आधा अधूरा ही पडा है। न.पा. दमुआ के संबंधित अधिकारियो एवं इंजीनियर, ओवरसियर और ठेकेदार की घोर लापरवाही के कारण पिचिंग वाल का निर्माण कार्य कुछआ गति से चल रहा है मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ कि निर्माण कार्य के बिल वाउचर नोटसीट मद राशि का भुगतान समय पर नही हो पा रहा है जिससे ठेकेदार द्वारा कार्य करने मे देरी की जा रही है और कमिशन बाजी के चक्कर में निर्माण कार्य रूक पडा हुआ है खास बात तो यह है कि न.पा. दमुआ में सरकारी राशि मद आते देर नही होती और जल्द बंदरबांट हो जाती है।

### पंकज बने मध्यप्रदेश तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट का युवा प्रदेश अध्यक्ष

**दमुआ।** पत्रकार लखन लाल साहू प्रदेश मीडिया प्रभारी तेली पिछड़ा वेश महासभा मध्य प्रदेश ने जानकारी प्रदान करते हुए कहा है कि समाज सेवा में सक्रिय रहने वाले युवा साथी पंकज साहू पिता शिवशंकर साहू दमुआ जिला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश आपको आपकी कार्यशैली को देखते हुए तेली पिछड़ा वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.के. शाहबाल, अखिलेश साहू महासचिव एवं नियुक्ति प्रभारी संरक्षक बी एल साहू रिटायर आर ई एस एसडीओ मुख्य संरक्षक एडवोकेट पुरुषोत्तम गुप्ता की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू महामंत्री कमलेश नायक के नेतृत्व में आपको मध्य प्रदेश तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट का युवा प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी। वे संगठन के दिए हुए दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे एवं आपके नेतृत्व में संगठन को मजबूती प्रदान की जाएगी।

## खस्ताहाल सड़कों की नहीं हुई मरम्मत तो होगा आंदोलन

### भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश अभियान ने एकजुट होकर अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

ग्रामीण क्षेत्रों में बनी हुई खस्ताहाल सड़कों को लेकर भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश अभियान संगठन के द्वारा निरंतर सड़क निर्माण करने की मांग की जा रही है।सोमवार को संगठन के कार्यकर्ताओं नेसौंसर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न अधूरे पड़े कार्य, खराब सड़के, टूटे हुए पूल को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सॉफ्टवेयर हुए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है।इस दौरान संघ के पंकज ठाकरे,दिनेश लाड़से,अलकेश बागड़े ने बताया की ग्राम आमला एवं जोबनी खापा मार्ग में स्थित पुलिया निर्माण का कार्य ठेकेदार द्वारा अधूरा छोडा गया है,जो अप्रोच पुलिया का निर्माण



कार्य किया गया था वह बरसात में बह चुका है। जिससे बरसात के समय ग्रामवासियों का मुख्य मार्ग तक पहुंच पाने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम सतनूर से सावंगा का मार्ग जिसकी कुल लंबाई 4 किलोमीटर है वह रोड पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गया इस मार्ग में स्थित ग्रामों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्राम देवी, बाडोसा, राधादेवी मार्ग पर स्थित 24 साल पुराना जर्जर जिस पर दो छोटे पाइप डाले हुए है, जिस कारण 20 ग्रामों का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह टूटा हुआ है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की विशिष्ट उपस्थिति में जबलपुर में आयोजित हुई संभाग स्तरीय बैठक

## भाजपा की संभागीय बैठक में शामिल हुए सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की विशिष्ट उपस्थिति में जबलपुर में संभाग स्तरीय बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में जबलपुर सहित सागर, रीवा और शहडोल संभाग के प्रमुख जनप्रतिधिगण शामिल हुये। इस कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू ने भी प्रमुख रूप से शामिल हुये। उल्लेखनिय है कि कार्यक्रम में शामिल होने के पूर्व सांसद श्री साहू का प्रवेश द्वार पर तिलक और भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में नगर निगम छिन्दवाड़ा के महापौर विक्रम अहके, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, संदीप मोहोड, विधायक कमलेश शाह सहित अन्य निकायों के प्रमुख



पदाधिकारीगण भी उक्त संभागीय बैठक में शामिल हुये। सांसद श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयोजित हुई इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रमुख उद्बोधन के दौरान हमें संगठन का विस्तार, पार्टी की रणनीति और आगामी कार्यक्रमों के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश का प्रत्येक कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के मूलमंत्र के साथ जनसेवा की दिशा में अविराम भाजपा के लिए काम करने हेतु प्रयासरत है। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा सहित अन्य प्रमुख जन उपस्थित थे।

### सांसद के संयोजन में होगा एक राष्ट्र - एक चुनाव सम्मेलन

**छिन्दवाड़ा।** लोक हित में एक राष्ट्र-एक चुनाव के बहुआयामी सकारात्मक परिणाम के परिपेक्ष्य में सांसद बंटी विवेक साहू के संयोजन में 30 अगस्त को सिवनी प्राणमोती स्थित पूजा शिवी लॉन में एक राष्ट्र-एक चुनाव , राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्य प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित रहेगें। 30 अगस्त दिन शनिवार को आयोजित उक्त सम्मेलन दो भागों में आयोजित किया जायेगा। जिसके तहत दोपहर 12 बजें से छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले के जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं उपसरपंच प्रमुख रूप से शामिल होगें। वही शाम 6:30 बजें से प्रबुद्धजन जिसमें कॉलेजों के प्रोफेसर, समाजसेवी, डॉक्टर, वकील, समाजसेविकाएं, प्रमुख संगठनों के पदाधिकारीं, इंजीनियर, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं प्रबुद्धजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहेगे। उक्त सम्मेलन में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्य और वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, सांसद बंटी विवेक साहू सहित अन्य प्रमुख जन सम्मेलन में उपस्थित लोगों के समक्ष अपने विचार साक्षा करेगें।

## ग्राम पंचायत भमोड़ी का नवाचार, तहसील वासियों को मिलेगा लाभ

# आपात स्थिति में मरीज को अस्पताल पहुंचाने में व्यय का करेंगे भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



आपातकालीन स्थितियों में मरीज को निकटतम सरकारी अस्पताल पहुंचाने में परिवहन व्यय का भुगतान किया जाएगा। भमोड़ी सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने जन आरोग्य समिति की बैठक में बताया , कि कई बार समय पर एंबुलेंस के नहीं पहुंचने पर विशेष रूप से निर्धन वर्ग के लोगों को अस्पताल तक अन्य साधन से पहुंचाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है । इसलिए आर्थिक रूप से अक्षम आपात स्थिति में बेसहारा महिला, गरीब एकल वृद्ध एवं दिव्यांगजन को अस्पताल तक ऑटो से पहुंचने में हुए व्यय का भुगतान किया जाएगा। इसका उद्देश्य है आर्थिक रूप से कमजोर मरीज को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके गौरतलब है कि इसके पहले ग्राम पंचायत द्वारा जिला एवं प्रदेश स्तर पर कई नवाचार किए गए हैं जिसमें मांग पर दिव्यांगजन, एकल परिवार वाली महिला को घर पर सरकारी राशन नियमित रूप से पहुंचने की व्यवस्था। ग्राम पंचायत कर्मचारी को ड्रेस कोड संबल अथवा अन्य शासकीय योजना से वंचित गरीब परिवार के व्यक्ति को अंत्येष्टि सहायता राशि देने जैसी योजनाएं शामिल है।

## सांसद निधि से रंगमंच निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**परासिया** :- जिले के सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा ग्राम भमोड़ी वार्ड क्रमांक 3 में स्थित दादा हनुमान मंदिर के पास 100000 लाख की लागत से बनने वाले रंगमंच का भूमि पूजन भाजपा ग्रामीण मंडल पगारा अध्यक्ष मनीष सोनू यादव द्वारा किया गया । मंडल अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में



जिले के सांसद आभार व्यक्त करते हुए कहा , कि सांसद श्री साहू द्वारा जिले में विभिन्न विकास किए जा रहे हैं । भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच विपिन श्रीवास्तव , ग्राम सचिव राजेश सेंगर , ओम प्रकाश चौरसिया , राधे श्याम जवारकर , पंच पुनीत पुरी , अनीता सूर्यवंशी , नितेश छोटू नाविक , उत्तर मुखी मंदिर पुजारी अजय दास , सौरभ कौरव , अशफाक खान , पंचगण ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## सर्वेयरों ने मांगों को लेकर जनपद पहुंचकर सौंपा ज्ञापन




**जुन्नारदेव**:- शुक्रवार को तहसील जुन्नारदेव क्षेत्रान्तर्गत फसलों का सर्वे कर रहे समस्त सर्वेयर जनपद पंचायत जुन्नारदेव पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति रश्मि चैहान से मुलाकात कर एक लिखित ज्ञापन दिया। सर्वेयरों ने बताया कि विगत वर्ष से हम सभी सर्वेयर के द्वारा सचिव व सहायक सचिवों के साथ मिलकर षिविर के माध्यम से पंचायत स्तर पर समस्त किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा रही हैं। जिसके भुगतान को लेकर हम सब्ज्ञी सर्वेयरों के द्वारा आज सीईओं श्रीमति रष्मि चैहान को एक ज्ञापन दिया गया हैं जिस पर श्रीमति चैहान द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही सभी पंचायतों मे लेटर जारी कर दिया जाएगा। इस अवसर पर सहायक पटवारी संगठन जुन्नारदेव के समस्त पदाधिकारीगण एवम सर्वेयर उपस्थित रहे।

## निकम्मा, मक्कार शब्दों के खिलाफ सड़क पर उतरी भाजपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा किसान आंदोलन के दौरान मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख के प्रति कायर, निकम्मा, मककार₹ जैसे अपमानजनक शब्दों पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए सौसर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रशासन सोपे ज्ञापन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ ने कहा की भारतीय जनता पार्टी इसे जनता का अपमान मानते हुए मांग करती है कि श्री पटवारी अपने शब्द तुरंत वापस लें और सार्वजनिक रूप से माफी मागनी चाहिए।अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़, मोरेश्वर मशकोले,देवीदास राउत,पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष ऊषा भमोरे जिला महामंत्री राहुल मोहोड, देवेंद्र गायकवाड़, परासराम राने, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, सदानंद डोंगरे, महामंत्री आशीष चांडक, नरेंद्र कुकड़े, प्रवीण सेलूकर, सौरभ अढ़ाऊ, दिनेश भलावी, किशोर राउत, सुभाष नामदेव, रामकृष्ण राउत, गोलू वाडेकर, निलेश जुमनकर, उमाजी रीधोरे, खुशहाल उफ़त,रविशंकर धुर्वे,नामदेव इवनती, भारती चंदनकर,कविता बरपात्रे,संगीता बरवे,आदि थे।

## भाजपा पार्षदों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### वार्डों में जगह जगह फैली है गंदगी, वार्डवासी हो रहे बदबू से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर परिषद न्यूटन चिखली के भाजपा पार्षदों और नगर भाजपा पदाधिकारीयों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कौरव को ज्ञापन सौंपा जिसमे मांग की गई है , कि नगर में भाजपा पार्षदों के वार्डो में स्वीकृत निर्माण कार्य को करने में देरी की जा रही है , निर्माण कार्य समय रहते पूर्ण होने चाहिए ।

नगर में नगरपरिषद कर्मियों को ईपीएफ फंड मिले , नगर में आवारा पशुओं जिनमें सांड , गाय , बैल , भैंस , सुअरों , बकरा - बकरी द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुचाया जा रहा है । इन पशुओं द्वारा सार्वजनिक स्थानों मंदिर , मस्जिद , स्कूल सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाई जा रही हैं । इनकी उचित व्यवस्था बनाने , वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगवाने , पश्चिमी न्यूटन के वार्ड नं 7 मजार के पास सार्वजनिक हैंडपंप पहुंच मार्ग पर मुरम डलवाने सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया और इन जनहित की समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करने का आग्रह किया गया । इस अवसर पर राहुल सराठी पार्षद वार्ड नं 8 न्यूटन , श्रीचंद यदुवंशी पूर्व मंडल अध्यक्ष , हरि आठनकर पूर्व महामंत्री , रमेश साहू पूर्व पार्षद , शिवनाथ कनोजिया नगर अध्यक्ष , रूपेश इरपाची, मंडल महामंत्री एसटी मोर्चा , प्रकाश बरखे , श्याम श्रीवास्तव , उपस्थित रहे ।

## संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन बिल पर आज जागरूकता कार्यक्रम

**जुन्नारदेव** -: मुस्लिम समाज के धार्मिक, शैक्षिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए वक्फ संपत्तियाँ सदियों से समर्पित की जाती रही हैं। इन संपत्तियों का प्रबंधन और सही उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार समय-समय पर वक्फ अधिनियम में संशोधन करती रहती है। हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन बिल के संबंध में मुस्लिम समाज और विद्यार्थियों के बीच जागरूकता बढ़ाने एवं उनके बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वक्फ संशोधन बिल पर आज 26/8/2025 दिन मंगल को 11:00 एक कार्यक्रम मदरसा मोहम्मदिया वार्ड नंबर 07 में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वक्ताओं के द्वारा अपने-अपने विचार किए जाएंगे। ज्ञात रहे कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबों की मदद, धार्मिक संस्थाओं के संचालन और समाज कल्याण के कार्यों के लिए किया जाता है।

## 30 को केंद्रीय विद्यालय शुभारंभ के लिए बैठक

**सौंसर**। क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हु इस उद्देश्य को लेकर सभी सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों एवं समाज बंधुओ की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है।एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अशोक भुसारी,ने बताया कि सौसर क्षेत्र में केंद्रिय विधालय खोलने की माग को लेकर सौसर से लेकर तो भोपाल दिल्ली जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों को आवेदन निवेदन किए गए हैं। बावजूद इसके अब तक सौसर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ नहीं किया गया है। शासन-प्रशासन स्तर पर पत्राचार के बाद सकारात्मक परिणाम स्वरूप विद्यालय के लिए भूमि और भवन की व्यवस्था अति आवश्यक है। इसी क्रम में लगभग 3 एकड़ भूमि और 22 कमरों की एक भवन का दान प्रस्तावित कर, संबंधित दस्तावेज कलेक्टर को सौंपे जा चुके हैं। सौसर क्षेत्र में जल्द से जल्द केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ हो इस उद्देश्य को लेकर 30 अगस्त शनिवार दोपहर 1 बजे से रेलवे स्टेशन के सामने एल बी होटल में एक बैठक का आयोजन किया गया है।

## कार्यपालन अभियंता ने ली अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

विद्युत उपकेन्द्र परिसर वारासिवनी में स्थित कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं/सं) मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वारासिवनी में कार्यपालन अभियंता बी एल भैना द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों की एक बैठक ली गई।

इस बैठक में उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को बैठक कर तत्संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये। बैठक में बताया गया कि इ33/11 के व्ही उपकेन्द्र वारासिवनी में लगी कम क्षमता की सीटी को अविलंब अधिक क्षमता की सीटी में वृद्धि करवाई गई हैं एवं उपकेन्द्र में व्यवस्था को सुचारू करने के लिए अन्य रखरखाव के कार्य भी अविलंब करवाये गये हैं।

उन्होंने बताया कि वारासिवनी शहर में स्थापित कम क्षमता के ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने हेतु अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित किये जा रहे है एवं टूटे हुए 19 नंबर विद्युत पोल का सर्वे करवा लिया गया हैं, उन्हें शीघ्र बदला जायेगा। वारासिवनी से लगे हुये ग्रामों में भी नवीन 33 के व्ही लाईन स्वीकृत करवाकर उसका विस्तार करवाया जा रहा हैं। भूमिगत रेल्वे क्रासिंग खराब केबल के बदलने हेतु लगातार रेल्वे मुख्यालय नागपुर से चर्चा की जा रही हैं। जिसके संबंध में कलेक्टर बालाघाट को भी अवगत कराया गया हैं। जैसे ही रेल्वे से उक्त कार्य की अनुमति प्राप्त होती हैं, अविलंब उक्त कार्य पूर्ण करवाया जायेगा, ताकि क्षेत्र की जनता को अनवरत बिना निर्बाध के विद्युत आपूर्ति जारी रखी जा सके।

## खरीफ एवं रबी फसलों के बारे में छात्र छात्राओं की दी जानकारी

**बालाघाट**। 25 अगस्त को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कायदी में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं के छात्र,छात्राओं को कृषि संबंधी नवीनतम जानकारी देने के लिए अतिथि व्याख्याता के रूप में वारासिवनी विकासखण्ड के कृषि विस्तार अधिकारी श्री दिलेश कुमार खांडेलकर को आमंत्रित किया गया। जिसमें शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला कायदी के छात्र छात्राओंको कृषि विषय व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत गेस्ट लेक्चर में खरीफ एवं रबी की फसलो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही धान की फसल एवं वर्षा के दिनों में कम पानी संग्रहण वाले स्थानों पर लगायी जाने वाली मिलेट फसल कोदो, कुटकी, रागी एवं मक्का की फसल लेने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।कृषि विस्तार अधिकारी श्री खांडेलकर ने छात्र छात्राओं को वैकल्पिक विषय मे कृषि संकाय लेने एवं अच्छी पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि कृषि संकाय में अध्ययन कर छात्र छात्राएँ पीएटी की परीक्षा दे सकते है। इस परीक्षा को पास करने पर उन्हें कृषि संकाय में स्नातक करने का अवसर मिलेगा।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत माध्यमिक विद्यालय लवेरी में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

शासकीय माध्यमिक शाला लवेरी में विभिन्न प्रजातियों के पौधे जैसे पाय , बादाम, बकुल, जाम, नीम, आम, अशोक, शिक्षकों के साथ छात्रों द्वारा भी पौधे लगाए गए। एसएमसी की बैठक में निर्णय लिया गया कि प्राथमिक शाला स्कूल की बारिश में छत सिपेज हो रही है जिसमें प्राथमिक शाला लवेरी में पहली से पांचवी तक की कक्षा लगाने में परेशानी हो रही है स्कूल द्वारा सरपंच, एसडीम महोदय से अनुमति लेकर साला को ग्राम पंचायत लवेरी में साला लगाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही हाई स्कूल के प्राचार्य विजय मेश्राम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया, इसी दिन किरनापुर के तहसील श्रमजीवीपत्रकार परिषद अध्यक्ष मदन मोहन पाराशर ने भी शाला में अपनी उपस्थिति दर्ज की सभी अतिथियों के द्वारा अपने शाला प्रांगण में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ विभिन्न प्रकार के पौधे जिसमें पाम, वाकुल, बादाम, नीम, जाम, अशोक व अन्य प्रकार के पौधे लगाए गए। जिसमें स्कूल के प्रधान पाठक धर्मेंद्र वराड़े, स्टॉप शिक्षक धनराज मेश्राम श्रीमती ईश्वरी शेण्डे, राहुल नेवारे, श्रीमती बबीता गेडाम ,परमेश्वरी भोगाडे, प्रभावती शरणागत, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती सरिता मस्करे, एसएमसी का पुनर्गठन किया जाना है। जिसकी सूचना वर्तमान एसएमसी के अध्यक्ष व सदस्यों को दी गई उपाध्यक्ष कमलेश बम्बुरे ,सुखमन लिल्हारे,आदि लोगों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम किा गया।, इस में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ माताओं के प्रति सम्मान भी व्यक्त होता है।

## वारासिवनी जनपद के 16 शाला भवनों की मरम्मत हेतु 29.39 लाख स्वीकृत : अमूले

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी**। जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवनों में मरम्मत और सुधार कार्यों हेतु 16 शाला भवनों के लिए 29.39 लाख रुपए की राशि सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्वीकृत की गई हैं। यह जानकारी जनपद पंचायत वारासिवनी उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा किशोर अमूले ने दी हैं।



जनपद पंचायत वारासिवनी की उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति सभापति श्रीमती पुष्पा किशोर अमूले ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत विभागीय परिसंपत्ति के मरम्मत और संधारण हेतु राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा राशि प्रदान की जाती हैं। जिसके अंतर्गत सर्व शिक्षा अभियान के जिला मिशन संचालक एवं कलेक्टर बालाघाट द्वारा वारासिवनी जनपद पंचायत के अंतर्गत 16 स्कूल भवन के लिए 29.39 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की हैं।

जिनमें माध्यमिक शाला कासपुर 2.20 लाख रुपये, माध्यमिक शाला गटापायली 1.66 लाख रुपये, प्राथमिक शाला कन्हारटोला बोटेझरी 1.57 लाख रुपये, उन्नत ईजीएस पुजारीटोला 1.39 लाख रुपये, माध्यमिक शाला पदमपुर 2.10 लाख रुपये, प्राथमिक शाला भदरीटोला 1.49 लाख रुपये, उन्नत ईजीएस सालई टोला 1.80 लाख रुपये, प्राथमिक शाला रेंगाटोला 1.70 लाख रुपये, माध्यमिक शाला मुरझड़ 1.80 लाख रुपये, माध्यमिक शाला कोसरीटोला 1.63 लाख रुपये, माध्यमिक शाला नरोड़ी 1.80 लाख रुपये, माध्यमिक शाला अब्दुलटोला 2.20 लाख रुपये, प्राथमिक शाला सिर्राटोला 1.80 लाख रुपये, माध्यमिक शाला रामपायली 2.25 लाख रुपये, माध्यमिक शाला कस्बीटोला 1.66 लाख रुपये एवं माध्यमिक शाला सिंगोड़ी 2.34 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन शालाओं की प्रबंधन समिति के खातों में 25 प्रतिशत राशि कार्य प्रारंभ करने हेतु भेज दी गई है।

## पीजी कालेज में महिलाओं के लिए एक दिवसीय

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 25 अगस्त को सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग एवं पालीटेक्निक द्वारा जॉब सह सतपुड़ा ग्रुप ज्वाइंट प्रोग्राम के अंतर्गत एक दिवसीय संयुक्त ओपन कैम्प्स प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में सतपुड़ा ग्रूप की ओर से डॉ. गोरखनाथ भुरे एवं फिरोज मंसूरी ट्रेनिंग एण्ड प्लेस्मेंट अधिकारी उपस्थित रहें। जिसमें एचआर हेड मिस वंदना राजपाल ने सुप्रसिद्ध कम्पनी 'टाटा इलेक्ट्रानिक के लिये लिखित टेस्ट एवं इंटरव्यू के माध्यम से 150 मे से 110 महिला अभ्यार्थियों का चयन किया। इन महिलाओं की ज्वाइनिंग आगामी 15 दिन के अंदर हो जाएगी। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के एन.सी.सी प्रभारी डॉ. गजानन कटरे एवं डॉ. साजिया तबस्सुम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। चयनित सभी छात्राओं को कॉलेज के प्राचार्य द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी गई।

## टेकाड़ी (का.) में शराबी पिता ने बेटे पर चाकू से किया हमला

### कथित तौर पर फिर फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के टेकाड़ी (का.) में एक शराबी पिता ने शराब पीने से रोकने पर अपने ही बेटे से विवाद किया और फिर उस पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और बाद में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सोमवार की सुबह करीब 08 बजे गांव के ही जंगल की तरफ शौच के लिए गई गांव की महिलाओं ने शव देखा और ग्रामीणों को सूचना दी. ग्रामीणों ने मृतक के परिवार और पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाया और शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है. प्राप्त जानकारी अनुसार टेकाड़ी (का.) निवासी 60 वर्षीय गेंदलाल चचाने का शव गांव के जंगल में महुए के पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ बरामद किया गया. गेंदलाल के बड़े बेटे ने बताया कि रविवार को छोटे भाई रुपेन्द्र ने पिता को शराब पीने से रोका था इसी बात से नाराज होकर पिता ने उस पर चाकू से हमला कर दिया था. इस घटना के बाद रुपेन्द्र को कटंगी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां से उसे रेफर कर दिया गया था. पूरा परिवार रुपेन्द्र के साथ बालाघाट में था. सोमवार की सुबह पिता के फांसी के फंदे पर लटके होने की सूचना मिली. फिलहाल पुलिस ने शव बरामद कर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है. पुलिस जांच के बाद मौत के कारण का सही पता चल सकेगा. पुलिस इसे हत्या और आत्महत्या दोनों ही पहलुओं से जोड़कर जांच कर रही है।

## ग्राम सोनपुरी में मनाया गया पोला पिटोरी का पर्व

हरिभूमि न्यूज उकवा।



पोला पर्व, जिसे पोला-पिठोरा के नाम से भी जाना जाता है, किसानों और खेती-बाड़ी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण लोक पर्व है। यह मुख्य रूप से महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और कर्नाटक के ग्रामीण इलाकों में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व भाद्रपद माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है।पोला पर्व का सीधा संबंध कृषि और पशुधन से है। यह किसानों द्वारा अपने बैलों और बैलों की जोड़ी को धन्यवाद देने का त्योहार है, जो साल भर खेतों में कड़ी मेहनत करते हैं। किसान बैलों को परिवार का हिस्सा मानते हैं, और यह पर्व उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका है। इस दिन, बैलों को खेतों के काम से पूरी तरह छुट्टी दी जाती है और उन्हें आराम करने दिया जाता है। यह एक तरह से बैलों को उनके अथक परिश्रम के लिए दिया जाने वाला सम्मान है। पोला के दिन बैलों को नहलाकर अच्छी तरह से सजाया जाता है। उनके सींगों पर रंग लगाए जाते हैं, गले में फूलों की माला और घंटियां डाली जाती हैं। उन्हें रंगीन कपड़ों से सजाया जाता है और उनकी भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। बच्चों के लिए मिट्टी के बैलः जिन घरों में बैल नहीं होते, या शहर में रहने वाले लोग, इस दिन मिट्टी से बने छोटे-छोटे बैलों की पूजा करते हैं। बच्चे भी इन मिट्टी के खिलौनों से खेलते हैं। इस दिन घरों में तरह-तरह के पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं, जैसे ठेठरी, खुरमी, पूरण पोली और खीर। ये व्यंजन पहले भगवान को अर्पित किए जाते हैं, और

## बम्हनी पुल की रेलिंग चोरी, रेलिंग के अभाव में सड़क हादसों का मंडरा रहा

**हरिभूमि न्यूज कटंगी**। तिरोड़ी तहसील के बोनकट्टा से महकेपार के बीच बम्हनी गांव में बावनथड़ी नदी पर निर्मित पुल की रेलिंग अज्ञात के द्वारा चोरी कर ली गई है. सोमवार को पठार संघर्ष समिति के संयोजक और ग्राम पंचायत आंजनबिहरी के सरपंच दीपक पुष्पतोड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि पुल से धीरे-धीरे रेलिंग गायब हो रही है. अगर, विभाग ने समय रहते पुलिस में चोरी की शिकायत दर्ज नहीं करवाई और पुलिस ने चोरों का पता नहीं लगाया तो एक दिन पूरा पुल रेलिंग विहीन हो जाएगा. उन्होंने बताया कि गत दिवस कामिनी क्षीरसागर नाम की एक स्कूली छात्रा इसी पुल से गिरकर घायल हो गई थी. इस पुल पर रेलिंग नहीं होने से साइकिल से जा रही छात्रा अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई थी. उन्होंने कहा कि यह तो एक मात्र उदाहरण है. पुल से रेलिंग गायब होने से आए दिन पुल पर हादसों की घटनाएं सामने आएगी।

बता दें कि करीब 10 वर्ष पहले इस पुल का नव निर्माण किया गया था. बारिश के तेज बहाव में पुराना पुल क्षतिग्रस्त हो गया था और बोनकट्टा से महकेपार के बीच आवागमन प्रभावित हो रहा था तब तत्कालीन जनप्रतिनिधि के.डी.देशमुख के प्रयासों से विभाग ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पुल का नवनिर्माण कार्य स्वीकृत किया था. अब अज्ञात चोरों की इसी पुल की रेलिंग पर नजर है. चोरों के द्वारा बीते कुछ दिनों में यहां से रेलिंग की चोरी की गई है।

## खबर संक्षेप

### आदिवासी कन्या आश्रम सीनियर बालक छात्रावास मे आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

सिवनी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी सतीश चंद्र राय के आदेशनुसार तहसील विधिक सेवा समिति लखनादौन के तत्वाधान में 24.08.25 को आदिवासी कन्या आश्रम सीनियर बालक छात्रावास आदेगांव तहसील लखनादौन जिला सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया द्य विधिक साक्षरता शिविर में संतोष कुमार राय के पीएलवी के द्वारा मंच का संचालन किया गया।

# पटवारियों का वेब जीआईएस 2.0 के खिलाफ प्रदर्शन, बोले: सुधार नहीं तो काम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर सोमवार को जिला पटवारी संघ सिवनी ने वेब जीआईएस 2.0 पोर्टल की खामियों को लेकर प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर सैकड़ों पटवारी एकत्रित हुए और जिला अध्यक्ष सुदेश ठाकुर के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रमुख सचिव राजस्व विभाग भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यदि प्रणाली में जल्द सुधार नहीं किए गए तो पटवारी कार्य बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन में कहा गया कि वेब जीआईएस 2.0 पोर्टल तकनीकी



रूप से जटिल है। फील्ड पर काम करने वाले पटवारियों को रोजाना लॉगिन समस्या, सर्वर डाउन, धीमी गति और डेटा अपडेट न होने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते किसानों को नामांतरण, सीमांकन, खसरा नकल, फसल बीमा सत्यापन,राजस्व न्यायालय द्वारा पारित आदेशो का अमल, खसरा आधार ईकेवाईसी सत्यापन, साइबर तहसील नामान्तरण व अन्य कार्य नहीं समय पर नही हो पा रहे है। पटवारियों का कहना है कि यह प्रणाली यूजर फ्रेंडली नहीं है। गांव स्तर पर इंटरनेट की सीमित उपलब्धता और पोर्टल में भारी फाइलें लोड करने में कठिनाई के कारण कार्य में देरी हो रही है।

**किसानों और आमजन पर सीधा असर :**

वेब जीआईएस 2.0 पोर्टल की खामियों का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। सही समय पर दस्तावेज उपलब्ध न होने से बीमा दावा, ऋण नवीनीकरण और मुआवजा वितरण प्रभावित हो रहा है। पटवारियों ने कहा कि तकनीकी समस्याओं के कारण किसानों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कई बार वे नाराजगी पटवारियों पर उतारते हैं और इसके बाद सीएम हेल्पलाइन में शिकायते कर देते है। जिससे सीएम हेल्पलाइन में दिन प्रतिदिन पटवारियों के खिलाफ शिकायते बढ़ रही है। जबकि असल में यह समस्या सिस्टम की है। पटवारी संघ जिलाध्यक्ष सुदेश सिंह ठाकुर ने कहा, पटवारी हमेशा सरकार के साथ मिलकर जनता को सेवाएं देने के लिए तत्पर रहते हैं। लेकिन जब तकनीकी प्रणाली कार्य

**शांतिपूर्ण विरोध, पर आगे उग्र आंदोलन की तैयारी :**

पटवारी संघ जिलाध्यक्ष सुदेश ठाकुर ने कहा, सोमवार का प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। जिसमे बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह पहला चरण है। अगर मांगें अनसुनी रहीं तो आगे जिला मुख्यालय पर धरना और फिर कार्य बहिष्कार होगा। उस स्थिति में राजस्व कार्य रुकने की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की

में बाधा बने तो अपनी बात रखना जरूरी है। ज्ञापन में कहा गया कि हमारा विरोध सरकार विरोधी नही, बल्कि कार्यकुशलता बढ़ाने और किसानों को लाभ दिलाने का प्रयास है। पोर्टल में सुधार ना होने से मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप नामान्तरण बटवारा दुरुस्ती आदेश होने पर त्वरित अमल नहीं हो पा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप जिलो में अधिकारियों द्वारा पटवारियों को सस्पेंड करना, कारण बताओ सूचना पत्र देना, वेतन रोकना जैसी अनुचित कार्यवाही की जाकर पटवारी संवर्ग को परेशान किया जा रहा है।

# टक्कर ने तोड़ा परिवार, अदालत ने दिया अधिकार...!

## सड़क हादसे में अध्यापिका की मौत, बीमा कंपनी पर 1 करोड़ से अधिक हर्जाना ...!

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनादौन।

लापरवाह ड्राइविंग और बीमा कंपनी की टालमटोल नीति पर आखिरकार न्यायालय ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बैतूल में पदस्थ प्रधान अध्यापिका ममता यादव की मौत के मामले में प्रथम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पालीवाल ने बीमा कंपनी इंडेलवाइस जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड को 1 करोड़ 1 लाख 22 हजार 655 रुपये और उस पर 6 प्रतिशत ब्याज चुकाने का कठोर आदेश सुनाया है।

यह मामला 13 मार्च 2022 का है, जब मैहर माता मंदिर से लौटते वक्त ग्राम नौगवा थाना अमदरा, नेशनल हाईवे 30 पर सामने से आ रही हुंडई कार ने ममता यादव की ऑल्टो कार को बेरहमी से टक्कर मार दी थी। हादसे में ममता यादव गंभीर रूप से घायल हुईं और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पति विनोद यादव और नाबालिग बेटी भवी यादव घायल हुए लेकिन बच गए। मृतका ममता यादव का मासिक वेतन 74,080 था। पति और पुत्री ने न्याय की लड़ाई लड़ते हुए बीमा कंपनी के खिलाफ दावा दायर किया था। इस केस में वरिष्ठ अधिवक्ता फाजिल अहमद फिरदौसी और ए.के. त्रिपाठी ने पक्षकारों की ओर से जोरदार पैरवी की। न्यायालय ने साफ शब्दों में कहा कि दुर्घटना में दोषी कार चालक की जिम्मेदारी तय है और उसकी बीमा कंपनी को टालमटोल छोड़कर तुरंत क्षतिपूर्ति राशि देना होगी।

# कमरुद्दीन पटेल ने पेश की सांप्रदायिक एकता की मिसाल

सिवनी। जिले के विकासखंड कुरई के अंतर्गत सिवनी नागपुर फोरलेन में बसे ग्राम सूखतरा निवासी शेख कमरुद्दीन कुरैशी ने हिंदू भाइयों के त्यौहार पोला में सहभागिता कर सांप्रदायिक एकता की मिसाल पेश की है। यहां यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पोला का पर्व बड़े उत्साह से मनाया जाता है। इस त्यौहार में किसान बैल जोड़ी की पूजा करते हैं उन्हें सजाते हैं एवं उनकी दौड़ भी आयोजित की जाती है। और इस दौड़ की शुरुआत कुछ ग्रामों में पटाखे फोड़ के की जाती है एवं कुछ ग्रामों में लाइसेंसी बंदूक के द्वारा हवाई फायर करके इसकी शुरुआत की जाती है।



ग्राम सुखतरा के पटेल शेख कमरुद्दीन कुरैशी जो कि यहां 10 वर्षो तक सरपंच रहे हैं के द्वारा भी विगत कई वर्षों से पोला पर्व के अवसर पर अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर करके सहभागिता करते चले आ रहे हैं।

वर्तमान समय के दौर में जबकि कुछ लोग हिंदू मुसलमानों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे समय पर कमरुद्दीन पटेल सांप्रदायिक एकता की मिशाल बने हुए हैं।

# मिशन स्कूल छपारा में आर्ट, क्राफ्ट एवं साइंस मेले का भव्य आयोजन

छपारा। नगर की प्राचीनतम एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल, छपारा में आज आर्ट, क्राफ्ट एवं साइंस मेले का अत्यंत भव्य और प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने स्वनिर्मित विज्ञान प्रोजेक्ट्स, और मॉडल्स का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मेले में लगभग 300 रचनात्मक प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए, जिनमें छात्रों की कल्पनाशीलता और नवाचार क्षमता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम की गरिमा को स्थानीय गणमान्य नागरिकों, एवं अभिभावकों की



सक्रिय उपस्थिति ने और भी बढ़ा दिया। आगंतुकों ने विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा एवं प्रस्तुति कौशल की सराहना करते हुए आयोजन को अत्यंत उत्कृष्ट, अभूतपूर्व एवं प्रेरणास्पद बताया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से श्री माइकल जॉन (डायरेक्टर), श्री संजय मसीह (प्राचार्य – हिंदी माध्यम) एवं श्री प्रदीप कुमार (प्राचार्य – अंग्रेजी माध्यम) ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इस आयोजन की सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। साथ ही, उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के नवाचार-प्रेरित कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# कौमी एकता कमेटी की मांग हुई पूरी

**विगत दिनों कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा द्वारा शांति समिति की बैठक पर प्रमुखता से शहर की रोड एवं साफ सफाई की बात रखी थी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

दिनांक 25.8.2025 को जानकारी मिलने पर जिला चिकित्सालय के गेट के सामने की रोड बन जाने पर कमेटी के संरक्षक परवेज अंसारी जी एवं कमेटी अध्यक्ष असलम बाबा ने जाकर देखा1 और अधिकारियों का धन्यवाद अदा किया1 असलम बाबा ने बताया कि बहुत बड़े-बड़े गड्ढे इस रोड पर थे आने-जाने में मरिज एवं डॉक्टर एवं परिजनों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता था1 और दुर्घटना का अंदेशा बना रहता था 1 कौमी एकता कमेटी ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया और आज रोड बन गई 1 इस पुनीत कार्य के लिए कौमी एकता कमेटी द्वारा नगर पालिका परिषद एवं जिला चिकित्सालय प्रबंधक का आभार व्यक्त करती है 1 एवं आगामी समय में भी संगठन आपसे जनहित में सहयोग की अपेक्षा करता है ।

# माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान में मिट्टी के गणेश प्रतिमा के निर्माण हेतु आयोजित हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

आज दिनांक 25 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय पी. जी. कॉलेज सिवनी में प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग के निर्देशन इको क्लब एवं भारतीय ज्ञान परम्परा एवं एन एस एस के अंतर्गत॰माटी गणेश सिद्ध गणेश॰ अभियान में मिट्टी की गणेश प्रतिमा के निर्माण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को मिट्टी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया प्रशिक्षण में महाविद्यालय की अधिक से अधिक छात्राएं उपस्थित रही जिन्होंने गणेश प्रतिमा बनाना सिखा एवं स्वयं भी मिट्टी के गणेश जी घर में स्थापित करने का संकल्प लिया इकोक्लब कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर संदीप शुक्ला डॉ. टी. पी. सागर डॉ. शिल्पा कौरव डॉ. अर्चना द्विवेदी डॉ. सोनाली जायसवाल डॉ. श्याम रहाँडाले डॉ के के बरमईया एवं डॉ. रंजीता कमलेश द्वारा छात्राओं को मिट्टी के गणेश जी बनाने के लिए प्रेरित किया जिससे कि हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित रख पाए।

# आदेगांव में इनामी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

**आदेगांव / हरि भूमि न्यूज़ से पत्रकार विमल चौबे** सिवनी जिले के आदेगांव में कई बरसों से करवाए जा रहे हैं। इनामी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन लखनादौन तहसील के आदेगांव ग्राम पंचायत भले ही ग्राम पंचायत में आती है । लेकिन इस आदेगांव में काल भैरव की ऐसी आसीम कृपा है लोगों के ऊपर कि. बड़े बड़े कार्यक्रम और बड़ी-बड़ी प्रतियोगिताएं की जाती हैं । मध्य प्रदेश में राजनीति के क्षेत्र में भी चर्चित इस आदेगांव की भूमिका बहुत है। पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आदेगांव खेरापति मैदान में. मां खेरापति जन कल्याण समिति आदेगांव.. खेरापति प्रांगण मे प्रतिवर्ष दंगल प्रतियोगिता का



आयोजन किया जाता है। इस आयोजन को सफल बनाने में आदेगांव थाना प्रभारी आशीष धुर्वे की अहम भूमिका रही। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार द्वितीय पुरस्कार के साथ अन्य कई पुरस्कार भी रखे जाते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता भुवन अवधिया, देवेंद्र चौबे डाला सिहोरा वाले पंडित जी गुरु दयाल कुशवाहा कैलाश यादव प्रबंधक रजनीश तिवारी अनिल राय साहब शरण अवधिया धनाराम परवारी बसोरी भाई जान मनोज साहू सोमिल साहू डालचंद विश्वकर्मा कैलाश पटेल हीरा प्रजापति विनोद यादव गोपी जोगी एवं अन्य सहयोगियों की विशेष अहम भूमिका रहती है। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार की राशि 7000 रामफल तलब ग्राम वाले पहलवान को प्राप्त हुई।एवं द्वितीय पुरस्कार सत्येंद्र सिलेमा से आए पहलवान को 4000/ की राशि दी गई।

# सिवनी पुलिस की गुंडा परेड आयोजन



**पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पांडे के नेतृत्व में आज पुलिस लाइन ग्राउंड सिवनी में एक महत्वपूर्ण गुंडा परेड का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इस परेड में सिवनी अनुभाग के चारों थानों कोतवाली, लखनवाड़ा, डूंडा सिवनी, और बंडोल में लिस्टेड गुंड, निगरानी बदमाश, गौवंश के पूर्व आरोपियों तथा मादक पदार्थ के अवैध कार्यो में संलग्न 80 से अधिक आरोपियों की परेड कराई गई।

**परेड का उद्देश्य**

आरोपियों के डोजियर अपडेट किए गए। आरोपियों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नशे के अवैध कारोबार और अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद ने बताया कि नशे के आरोपियों एवं अन्य अपराधों के आरोपियों के खिलाफ यह कार्यवाही की गई। पुलिस नशे के आरोपियों के अन्य साथियों और नेटवर्क की भी तलाश कर रही है। इस कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पांडे, थाना प्रभारी कोतवाली किशोर बामनकर,थाना प्रभारी डूंडा सिवनी सतीश तिवारी, थाना प्रभारी लखनवाड़ा एवं थाना प्रभारी बंडोल एवं स्टाफ शामिल रहे।

# सीसी रोड का निर्माण कार्य हुआ बंद, वार्डवासियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज के महामाया वार्ड महाराज बाग क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के सामने से हनुमान व्यायाम शाला परतापुर रोड को जोडऩे वाले मार्ग सहित महाराज बाग में शिव मंदिर तक सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जाना था, कार्य प्रारंभ भी हुआ लेकिन ठेकेदार एवं तकनीकी अधिकारी की लापरवाही के चलते सरस्वती शिशु मंदिर के सामने मुंगवानी जाने वाले मार्ग को हनुमान व्यायाम शाला के पास परतापुर रोड से जोडऩे के बाद से विगत तीन दिनों से कार्य को बंद कर दिया गया है। चर्चा तो यह है कि उक्त सड़क निर्माण में ही पूरा बजट खर्च कर दिया गया। जबकि अगर जांच की जाये तो उक्त मार्ग के निर्माण की गुणवत्ता भी वहां से गुजरने वाले वाहनों के अनुरूप नहीं है।

उल्लेखनीय होगा कि लगभग 20 वर्ष पूर्व तत्काली भाजपा की पार्षद श्रीमती शांति बघेल के कार्यकाल में मुंगवानी रोड पीजी कॉलेज के पास से महाराज बाग के अंदर प्रवेश करने वाले एवं परतापुर रोड को जोडऩे वाले मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया था। लगातार उपेक्षा एवं समय-समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण सीसी रोड बहुत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त



हो गया था। जिसके बाद स्थानीय युवाओं द्वारा मार्ग निर्माण की मार्ग को लेकर आंदोलन करते हुए सड़क के गढ्ढों में बेशरम रोपने का भी कार्य करते हुए नगर पालिका सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया था।

लगातार मांग के बाद वर्तमान नगर पालिका परिषद के द्वारा उक्त मार्ग का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया और कार्य आदेश जारी किये गये जिसमें सरस्वती स्कूल महाराज बाग के सामने से हनुमान व्यायाम शाला परतापुर रोड तक एवं महाराज बाग के अंदर जाने वाले मार्ग का शिव मंदिर तक निर्माण कार्य किया जाने का उल्लेख किया गया था जिसके एवज में राशि भी स्वीकृत की गई। ठेकेदार द्वारा कार्यप्रारंभ किया गया और सरस्वती स्कूल के सामने से होकर हनुमान व्यायाम शाला के पीछे से होकर परतापुर रोड को जोडऩे वाली सड़क का तो निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया, लेकिन सरस्वती स्कूल के दक्षिण कोने से महाराज बाग के अंदर जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य रोक दिया गया है। बार-बार सिर्फ नपाई ही की जा रही है लेकिन निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। चर्चा तो यहां तक है कि ठेकेदार द्वारा पूरी लागत का उपयोग सरस्वती शिशु मंदिर के सामने से परतापुर रोड पहुंच मार्ग को जोडऩे में ही पूरी राशि का उपयोग कर लिया गया और महाराज बाग के अंदर के मार्ग निर्माण के लिए पुनः वजट स्वीकृत होने के इंतजार किया जा रहा है।

हालांकि जब भी मोहल्ले के लोगों के द्वारा पार्षद या नगर पालिका अध्यक्ष से इस संबंध में पूछा जाता है तो उनके द्वारा जल्द ही मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण करने की बात कहीं जाती है।

लेकिन देखने में आ रहा है कि विगत चार दिन से कार्य बंद पड़ा है और ठेकेदार के कर्मचारी भी सड़क की तरायी करने के लिए ही मौके पर पहुंचते है और सेटिंग आदि की देखरेख करने के बाद लौट जाते है पर सड़क निर्माण का कार्य आगे नहीं बढ़ रहा है। मौके में निर्माण सामग्री भी समाप्त हो गई है जिसे पुनः मौके पर चार दिन बीतने के बाद भी नहीं बुलाया गया है जिससे लोगों के बीच व्याप्त चर्चा सच्चाई साबित होते दिख रही है। जिसको लेकर मोहल्ले वासियों में आक्रोश व्याप्त है। क्योकि बड़े मुश्किल से तो मार्ग के निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था। महाराज बाग में नवरात्र पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है और यहां पर मनाये जाने वाले शारदेय नवरात्र दुर्गोत्सव की धूम पूरे जिले में व्याप्त है। महाराज बाग के सिद्ध पंडाल में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्त पहुंचकर मातारानी की आरती उतारते है और शहरीय क्षेत्र की बात की जाये तो सबसे ज्यादा अध्ययन करने वाले विद्यार्थी भी इसी महाराज बाग में किराये के कमरे लेकर निवास करते है। नवरात्र पर्व के पूर्व अगर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो इससे लोगों के बीच पनप रहा आक्रोश सड़क पर भी उतर सकता है। क्षेत्रीयजनों के द्वारा अंधूरे निर्माण को शीघ्र पूर्ण किये जाने की मांग की गई है।

# सड़क बनी मौत का फंदा, ठेकेदार ने रचा भ्रष्टाचार का धंधा..!

**गड्ढों में फंसी जनता, हादसों का रोज़ सवाल ...!**

**सड़क बनी जी का जंजाल, ठेकेदार हो रहा माला माल!**

**हरिभूमि न्यूज़/ पत्रकार विमल चौबे। लखनादौन नगर परिषद के ठेकेदार की लापरवाही से जानलेवा गड्ढे, सड़क निर्माण बना हादसों का कारण लखनादौन नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य इन दिनों अव्यवस्थाओं और लापरवाही का शिकार बना हुआ है**

नगर परिषद द्वारा यह ठेका मेसर्स सतकीरत हाईवे प्राइवेट लिमिटेड जबलपुर को दिया गया था लेकिन कमीशनबाजी की परंपरा में यह ठेका स्थानीय पेटी कांट्रेक्टर को बेच दिया और अब स्थानीय स्तर पर मनमर्जी और घटिया निर्माण कार्य हो रहा है, हनुमान मंदिर से निगम जी तक बनने वाली यह सड़क नगर का मुख्य मार्ग है लेकिन यहां निर्माण कार्य में सीमेंट कांक्रीट का मसाला कम और भूसा जादा भरा जा रहा है जिससे सड़क की गुणवत्ता पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है, इस सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण आवागमन जानलेवा हो गया है, मोटरसाइकिल सवार लोग आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं और चार पहिया वाहन बुरी तरह टूट-फूट का शिकार हो रहे हैं, नागरिकों को रोजाना जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है, सड़क निर्माण के दौरान जहां से लोगों को आवाजाही करनी चाहिए वहां पर भी गहरे गड्ढों को भरकर समतल नहीं किया गया है जिससे हालात और बिगड़ गए हैं, लोगों का कहना है कि नगर परिषद और संबंधित विभाग की चुप्पी समझ से परे है, ठेकेदार अपने निजी स्वार्थ और थोड़े से लाभ के लिए पूरी जनता की जान से खिलवाड़ कर रहा है, आए दिन होने वाले हादसों से नागरिकों का आना-जाना मुश्किल हो गया है, और इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल नगर परिषद की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

# विकास की नई गाथा, लखनादौन नगर में आया नया सवेरा

**नगर परिषद लखनादौन विकास पर्व वर्ष के रूप में एक नए युग का सूत्रपात कर रही है, जहाँ वर्षों से लंबित पड़ी जनता की माँगें अब साकार हो रही हैं। अध्यक्ष श्रीमती मीना बलराम गोल्हानी के संवेदनशील नेतृत्व में, नगर के कोने-कोने में विकास की बयार बह रही है, जिससे जनता में उत्साह और संतोष का माहौल है।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनादौन।

**सड़कों का जाल, समस्याओं का हल**

**संवाददाता मुकेश साहू**
नगर के विकास कार्यों में सबसे प्रमुख है, सड़कों का चौड़ीकरण और निर्माण। वार्ड क्रमांक 2 में पार्षद निवास के सामने दशकों पुरानी मांग पूरी करते हुए एक चौड़ी सीसी रोड का निर्माण हुआ है। इसी तरह, वार्ड क्रमांक 3 में भी 25 वर्षों से चली आ रही सड़क निर्माण की मांग को पूरा कर जनता को समर्पित किया गया है।

**टोरिया रोड पर मिली दुर्घटनाओं से मुक्ति**

वार्ड क्रमांक 4 में टोरिया जाने वाली प्रमुख सड़क, जो अपनी ढलान और जर्जर स्थिति के कारण वर्षों से दुर्घटनाओं का कारण बन रही थी, अब एक नई और चौड़ी सीसी टॉप कोर्ट रोड में बदल गई है। इस रोड पर ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे हटने से होने वाली दुर्घटनाओं ने कई घरों में डर का माहौल बना रखा था। अध्यक्ष श्रीमती गोल्हानी ने इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए, इस रोड का निर्माण कार्य पूरा कराया है, जिससे न सिर्फ वाहन चालकों को राहत मिली है, बल्कि वार्डवासियों के मन से हमेशा बनी रहने वाली आशंका भी समाप्त हो गई है।

**मोक्ष धाम और सब्जी मंडी मार्ग का कायाकल्प**

वार्ड क्रमांक 9 में स्थित मोक्ष धाम रोड का भी चौड़ीकरण और रपटा चौड़ीकरण किया गया है। मोक्ष धाम के सामने से लेकर सब्जी मंडी तक का मार्ग, जो पूरी तरह जर्जर हो चुका था, अब एक बड़ी और चौड़ी सीसी टॉप कोर्ट रोड में बदल गया है, जिसने इस क्षेत्र के सौंदर्यकरण और सुगमता को कई गुना बढ़ा दिया है।

**विकास का सफर जारी**

इसके अलावा, वार्ड क्रमांक 6 में भी एक वृहद रोड के चौड़ीकरण और सीसी टॉप कोर्ट निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर उसे प्रारंभ किया गया है। नगर कायाकल्प संकल्प अभियान के तहत, वर्ष 2024-25 को बृहद विकास पर्व वर्ष के रूप में मनाते हुए, लखनादौन नगर परिषद लगातार विकास कार्यों को गति दे रही है। इन अथक प्रयासों ने न सिर्फ बुनियादी ढांचे में सुधार किया है, बल्कि जनता के दिलों में विश्वास और उम्मीद की नई किरण जगाई है।

# लौह पुरुष की 150 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में छात्रों ने कंट्रोल रूम व पुलिस लाइन का भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने कंट्रोल रूम व पुलिस लाइन का भ्रमण कर पुलिस की कार्य शैली को समझा इस अवसर पर कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा ॰लौह पुरुष॰ के भारत की राष्ट्रीय एकता व सुरक्षा हेतू उनके योगदान, स्वतंत्र भारत में पुलिस को ॰जन कल्याण॰ और देश भक्ति जन सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा से लेकर आज के दौर में ॰साइबर पुलिस॰ तक की यात्रा को सांझा किया गया। डॉयल 112 की नवीन सेवा व प्रणाली, सीसीटीवी सर्विलांस,स्टूडेंट दिशा लर्निंग, क्वार्टर गार्ड की जानकारी दी गई। सूबेदार जितेंद्र रावतकर,सूबेदार शशिकला बहेटवार द्वारा छात्रों को पुलिस सेवा, यूनिफार्म सर्विस हेतू कैरियर गाइडेंस,अनुशासन,मेहनत व पढ़ाई से देश सेवा के लिए मोटिवेट किया गया।

साइबर व ट्रैफिक सेफ्टी की जानकारी भी दी गई। नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षिका सुश्री शिखा पटले, शिक्षक डीपी शिववेदी की गरिमामय उपस्थिति रहीं।

## बाघ की रहस्यमयी मौत के बाद शव को जलाकर नष्ट करने के मामले फरार हैं आरोपी

# डिप्टी रेंजर और वनरक्षक पर 5-5 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के सोनेवानी अभयारण्य में संदिग्ध हालात में बाघ की मौत और उसके शव को जलाकर नष्ट करने के मामले में फरार चल रहे दो वन कर्मियों पर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) ने 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

एसटीएसएफ अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि इस मामले की जांच एसटीएसएफ जबलपुर कर रही है। 2 अगस्त को बाघ का शव मिलने के बाद सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना उसे अवैध रूप से जला दिया गया और अवशेषों को नाले में बहा दिया गया था। इस मामले में आरोपी डिप्टी रेंजर टीकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे घटना के बाद से ही फरार हैं।




यह मामला तब सामने आया, जब 2 अगस्त को मृत बाघ की एक तस्वीर एक वॉट्सएप ग्रुप में डाली गई थी। इसके बाद वन विभाग ने जांच शुरू की और 8 आरोपियों के खिलाफ वन अपराध का मामला दर्ज किया। विभाग ने 6 वन सुरक्षा श्रमिकों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन डिप्टी रेंजर और वनरक्षक तब से फरार हैं। 5 अगस्त को मामले की जांच एसटीएसएफ को सौंप दी गई थी।

एसटीएसएफ ने जनता से दोनों फरार आरोपियों के बारे में सूचना देने की अपील की है। कहा है कि सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## मनरेगा अभियंता संघ ने की काम बंद-कलम बंद हड़ताल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मनरेगा अभियंता संघ ने अपनी मांगों को लेकर काम बंद-कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी है। अभियंताओं ने 14 अगस्त से दस दिवसीय सामूहिक अवकाश लिया था। इसके बाद 25 अगस्त से हड़ताल पर चले गए हैं।

अभियंताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सहायक कलेक्टर प्रदीप कौरव को ज्ञापन सौंपा। मनरेगा अभियंता संघ अध्यक्ष भीवराम भोयर ने बताया कि उनकी मांगों को विधायकों, सरपंच संघ, सचिव संघ और ग्राम रोजगार सहायकों का समर्थन मिला है।



अभियंताओं की प्रमुख मांगों में संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति दिनांक से करने, नियमित उपयंत्री के समान वेतन देने और वार्षिक वेतन वृद्धि शामिल है। साथ ही मृत्यु पर आश्रित परिवार को अनुकंपा नियुक्ति, पद से पृथक करने के बजाय निलंबन का प्रावधान और ग्रेजुटी का लाभ देने की मांग है।

## महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश चंद्र वर्मा का मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में आज महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश चंद्र वर्मा जी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी एवं प्रभारी प्राचार्या श्रीमती अनुपमा गौतम ने गुरुपरंपरा के चित्र पर माल्यार्पण किया साथ ही वासुदेव भूते और श्रीमती शोभाराव द्वारा महर्षि महेश योगी जी एवं मां सरस्वती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात गुरुपूजन कर सामूहिक भावातीत ध्यान का अभ्यास कर विश्व शांति की मंगल कामना की गई।संगीत शिक्षक श्री नितेश कुमार मिश्रा द्वारा एक मधुर संगीत के माध्यम से ब्रह्मचारी गिरीश जी को विद्यालय परिवार की ओर से जन्मदिन की बधाई प्रेषित की गई।इस पुण्य अवसर पर संस्था के शिक्षक श्री नीरज तिवारी, श्रीमती सुनीता तिवारी, वासुदेव भूते और कक्षा आठवीं की छात्रा अन्वेषा ज्योतिषी द्वारा ब्रह्मचारी गिरीश जी की जीवन यात्रा पर विस्तार से जानकारी दी गई।उन्होंने बताया के कैसे अपनी लगन और श्रद्धा से ब्रह्मचारी गिरीश जी, महर्षि महेश योगी जी के सबसे धन्य शिष्य बने तथा उनके आदर्शों को जन मानस तक पहुंचाया और निरंतर इसे आगे बढ़ा रहे है।इसी अवसर पर ₹ भारत को आदर्श भारत में कैसे परिवर्तित किया जाए₹ विषय पर एक परिचर्चा भी रखी गई ,जिसमें संस्था के शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया । कक्षा बारहवीं से ख्याति ठाकरे और सेजल नारनौरे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आदर्श भारत के निर्माण में हम विद्यार्थियों की महती भूमिका है ,हमें कर्म,परिश्रम और महर्षि महेश योगी जी के आदर्शों को अपना कर उनके इस सपने को हकीकत में बदलने हेतु प्रयत्नशील रहना होगा।इसी परिचर्चा को आगे बढ़ाते हुए श्री नीरज तिवारी ने कहा कि आज समय की मांग है कि हम अपने पुरुषार्थ को जगाए और जीवन में नैतिकता का पालन करे ,हमें अपने मौलिक अधिकारों के साथ ही अपने मौलिक कर्तव्यों को पालन भी निष्ठा पूर्वक करना होगा। संपूर्ण राष्ट्र को आदर्श बनाने के लिए राष्ट्र की सबसे मूल्यवान इकाई उसके नागरिक को सबसे पहले आदर्श बनाना होगा।वही भावातीत ध्यान शिक्षक श्री मनोज ज्योतिषी ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि नियमित भावातीत ध्यान और भावातीत ध्यान सिद्धि कार्यक्रम के अभ्यास से हम, महर्षि जी के भूतल पर स्वर्ग की परिकल्पना को साकार रूप दे सकते है।इसी दिन हरितालिका तीज की पूर्व संध्या पर अंतर् सदन मेहंदी लगाने की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया ,इस प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया।ब्रह्मचारी गिरीश जी के जन्मदिन और आदर्श भारत परिचर्चा में भागीदारी के लिए प्रभारी प्राचार्या श्रीमती अनुपमा गौतम ने सभी का आभार व्यक्त किया,सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी ने भी कार्यक्रम की गरिमामय प्रस्तुति के लिए सभी की सराहना की।इस पावन कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्री नीरज तिवारी और कक्षा बारहवीं की छात्रा ख्याति ठाकरे ने की।इस पावन अवसर पर सभी को बच्चो की प्रिय चॉकलेट वितरण किया गया।





## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**बालाघाट।** आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने की दृष्टि से 25 अगस्त को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए 26 अगस्त को किया जाना तय किया गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 26 अगस्त को यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपरान्ह 03:30 बजे से प्रारंभ होगी। शांति समिति की बैठक में 27 अगस्त को गणेश उत्सव, 22 सितम्बर को दुर्गा उत्सव, 02 अक्टूबर को दशहरा, 07 अक्टूबर को महर्षि वाल्मिकी जयंती, 20 अक्टूबर को दीपावली, 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती व गुरूनानक जयंती तथा 25 दिसंबर को क्रिसमस दिवस के त्यौहारों के आयोजन को लेकर चर्चा की जायेगी। बैठक में शांति समिति के सदस्यों को उपस्थित रहने के लिए सूचना भेज दी गई है।

## प्रसुति महिलाओं की जांच करने नहीं आई महिला चिकित्सक

# अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

नगर सहित ग्रामीण इलाकों में मौसम जनित बीमारियों के कारण मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है. जिस कारण कटंगी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर और अंदर मरीजों की कतार अपना उपचार कराने के लिए लगी हुई है. इधर, अस्पताल के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे है. अस्पताल में चिकित्सकों की कमी से मरीजों के हाल-बेहाल है. खासतौर पर महिला चिकित्सक के ना होने से प्रसूति महिलाओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है. सोमवार को इसका बड़ा उदाहरण देखने को मिला. दरअसल, सोमवार को महिला चिकित्सक डॉ स्वाति मेश्राम प्रसूति महिलाओं की जांच करने के लिए बालाघाट से कटंगी नहीं आई. जिसके चलते जांच कराने के लिए आने वाले प्रसूति महिलाओं को परशोनियों से दो-चार होना पड़ गया. उन्हें अस्पताल के अंदर और बाहर महिला चिकित्सक के आने का इंतजार करते हुए देखा गया. हालांकि जब उनके कटंगी नहीं आने की जानकारी बीएमओ तक पहुंची तो उन्होंने आनन-फानन में सिरपुर अस्पताल से महिला चिकित्सक डॉ लक्ष्मी चौधरी को कटंगी बुलाया गया तब कहीं जाकर महिलाओं की जांच शुरू हो पाई और प्रसूति महिलाओं ने राहत की सांस ली।



सोमवार को सरकारी अस्पताल में एक और घटना हुई किसी मरीज ने डॉ भूपेन्द्र गजभिए के साथ जमकर बहस कर ली. मरीज के व्यवहार से आहत होकर डॉ गजभिए ने ओपीडी छोड़ दी और अस्पताल से बाहर चले गए. बताया जा रहा है अस्पताल में बिना पैरों वाला कोई दिव्यांग मरीज अपना उपचार करवाने के लिए आया था. स्वास्थ्य कर्मियों ने मानवता का परिचय देते हुए दिव्यांग मरीज को वरियता देते हुए डॉ गजभिए ने पास पहुंचाया डॉक्टर ने दिव्यांग का उपचार किया लेकिन यह बात कतार में खड़े एक शख्स को इतनी नागवार गुजरी की वह डॉक्टर गजभिए पर ही बरस पड़ा. जिसके बाद डॉ गजभिए ओपीडी छोड़कर चले गए. बता दें शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को अस्पताल में एकाएक मरीजों की संख्या बढ़ गई. गौरतलब हो कि डॉ भूपेन्द्र गजभिए की मूल पदस्थापना आयुष्मान आरोग्य मंदिर बम्हनी में है लेकिन उन्हें कटंगी अस्पताल में अटैच कर रखा गया है. बीएमओ डॉ पंकज दूबे के अनुसार सीएचओ ने उन्हें कटंगी में अटैच कर रखा है जबकि कटंगी के ही एक कर्मचारी एक बैठक में जानकारी देते है कि डॉ गजभिए बम्हनी में पदस्थ है. बम्हनी अस्पताल में हाल ही में एक प्रसूति आदिवासी महिला को समय पर उपचार नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई. इस घटना के बाद महदुली के चिकित्सक को बम्हनी अस्पताल अटैच किया गया है. इस घटना के बाद भी डॉ भूपेन्द्र गजभिए को बम्हनी अस्पताल नहीं भेजा गया है।

# टीएल बैठक में अधिकारियों को दिये गये निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

25 अगस्त को अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे की अध्यक्षता में समय सीमा टीएल बैठक का आयोजन किया गया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर श्री धुर्वे ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्प लाईन के प्रकरणों का तत्परता के साथ निराकरण करें। शिकायतकर्त्ता से मोबाईल पर चर्चा कर शिकायत को संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाये। सभी विभाग अपनी ग्रेडिंग में सुधार करें और जिले को टाप-5 में लाने का प्रयास करें। उन्होंने सीएम मानिट, सीएम आफिस से प्राप्त प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।

बैठक में उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि बालाघाट जिले में किसानों के लिए यूरिया का पर्याप्त मात्रा में भंडारण कर लिया गया है और किसानों को इसका विक्रय किया जा रहा है। वर्तमान में बालाघाट जिले में 03 हजार मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। अब जिले में उर्वरक की कमी की कोई समस्या नहीं है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री धुर्वे ने बताया कि जिले में अनुकम्पा नियुक्ति के 08 प्रकरण शेष है। चतुर्थ श्रेणी भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए संबंधित विभाग प्रस्ताव भेज सकते हैं। बैठक में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री श्री अमित कुमार ने बताया कि वा रा सि व नी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम अंसेरा एवं बैहर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम भंडेरी में विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के लिए जमीन का आबंटन किये जाने की आवश्यकता है। इस पर वारासिवनी एवं बैहर एसडीएम को विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के लिए जमीन आबंटन की कार्यवाही करने कहा गया।



## गणेश चतुर्थी को जिले में रहेगा स्थानीय अवकाश

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने वर्ष 2025 में जिले में 03 स्थानीय अवकाश घोषित किये थे। जिसमे 14 जनवरी मकर संक्रांति, 27 अगस्त गणेश चतुर्थी और 30 सितम्बर दुर्गाष्टमी के दिन जिले में सार्वजनिक अवकाश रहना निर्धारित किया गया था। इसी कड़ी में 27 अगस्त 2025 बुधवार को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित रहेगा। यह अवकाश कोषालय, उप कोषालय एवं बैंकों के लिए लागू नही होगा।

## गुदमा विद्यालय में जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा विद्यार्थियों को किया छातों का वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद पंचायत बिरसा के दूरस्थ स्कूलों में उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूलों में लगातार छाता वितरण का काम जारी है।इसी क्रम में उनके द्वारा दिनांक 25 अगस्त को एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदमा में भी कक्षा 12वीं के बच्चों को छाता बांटा गया।छाता वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को वर्षा से बचाना और उनकी नियमित स्कूल उपस्थिति सुनिश्चित करना है।बरसात के दिनों में कई बच्चे भीगने की वजह से स्कूल आने से वंचित रह जाते हैं।साहू के इस पहल से अब बच्चों को सुविधा होगी और उनकी पढ़ाई बाधित भी नहीं होगी।ऐसे में एक जनप्रतिनिधि का शिक्षा से जुड़कर इस प्रकार का कार्य सराहनीय है।सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति अधिक से अधिक हो तथा शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षा समिति के सभापति,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा हेमंत साहू के द्वारा आए दिन स्कूलों का निरीक्षण भी किया जाता है।इससे दूरस्थ अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार देखने को भी मिला है।एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदमा के सभी छात्रों से शैक्षणिक संवाद करने के बाद हेमंत साहू,क्षेत्र के जनपद सदस्य श्री लक्ष्मीकांत धुर्वे,गांव के गणमान्य और स्कूल प्राचार्य श्री कटरे के द्वारा बारी बारी से छाता बांटा गया।छाता मिलने पर बच्चों के चेहरे में एक अलग खुशी देखने को मिली।बच्चों के द्वारा उपाध्यक्ष हेमंत साहू का धन्यवाद प्रेषित किया गया।स्कूल में हायर सेकेंडरी में बायो और आर्ट्स संकाय उपलब्ध है।शाला में शिक्षकों के द्वारा दैनंदिनी पंजी का उपयोग रोज किया जाता है जो सराहनीय है।साथ ही साथ शाला में बच्चों की उपस्थिति कक्षावार कितनी है इसके लिए एक अलग से रजिस्टर भी बनाया गया है।शाला का संचालन अनुशासित रूप से होना पाया गया।आज के छाता वितरण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा हेमंत साहू के साथ गुदमा क्षेत्र के जनपद सदस्य निर्माण सभापति श्री लक्ष्मीकांत धुर्वे,सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीउदयसिंह उइके,श्रीसुरजीत उइके,श्रीराजू वरकड़े,श्रीसुनील वासनिक,श्रीशंकर उइके,श्रीनरेंद्र उइके,एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदमा के प्राचार्य श्री कुलदीप कटरे,श्रीमती गुनेश्वरी आरसे श्री नंदकुमार पंद्रे,हीरादास गिरिया,श्रीमती ज्योति ठाकुर,श्रीमती प्रियवंता भगत सहित समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।



**SHREE VICHKCHAN JAIN HOSPITAL**

Run By Purity Services, Nagpur

**VACANCY**

| Sr No | Post | No. of Post | Education Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Staff Nurse | 4 | GNM,BSc Nursing |
| 2 | OT Technician | 1 | Diploma in OT Tecnician |
| 3 | Accountant | 1 | Graduate with Computer Knoledge |

Contact:- 8959193333,9685612023

**Address**

Shree Vichkchan Jain Hospital, Ward No 32,Moti Nagar, Balaghat

# शासकीय कर्मचारी महिला के साथ बीमा क्लेम के नाम पर धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में एक शासकीय कर्मचारी महिला के साथ बीमा क्लेम के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। साइबर ठगों ने बीमा एजेंट बनकर महिला से 44 लाख 55 हजार 495 रुपए की ठगी की।

महिला ने 2019-20 में बीमा पॉलिसी ली थी। एक किश्त जमा करने के बाद उसने आगे की किश्तें नहीं भरीं। इसी का फायदा उठाकर ठगों ने महिला को झांसा दिया कि राशि जमा करने पर बीमा क्लेम मिल जाएगा। पिछले 6 महीनों में ठगों ने अलग-अलग तरीकों से महिला से पैसे ऐंठे। महिला को 12 अलग-अलग नंबरों से कॉल किया गया।

2019-20 में महिला ने भारतीय एक्सा लाइफ और मैस लाइफ से बीमा कराया था। भारतीय एक्सा लाईफ से 28,300 रुपए और मैस लाईफ से 60 हजार रुपए बीमा की सिंगल पॉलिसी ली थी। वह सिंगल प्रीमियम न होकर 10 साल की पॉलिसी थी। जो महिला को बांड से पता चला था। सितंबर 2024 में पहला फोन राहुल सक्सेना के नाम से आया। उसने बताया कि राजीव दीक्षित के पास 9 लाख भुगतान की फाइल भेजी है। फिर राजीव दीक्षित का व्हाट्सअप कॉल आया। 9 लाख के क्लेम के लिए 28 हजार 300 रुपए सिक्योरिटी मांगी। जो महिला ने फोन-पे के माध्यम से भुगतान किया। इसके बाद फंड मैनेजर के रूप में आशुतोष श्रीवासतव, उसके बाद जोनल हेड के रूप में अनिरुद्ध पांडेय का कॉल आया। पिछले 6 महीने में 12 अलग-अलग नंबरों से कॉल किया गया। महिला ने आरोपियों को आरटीजीसी भी किया था।




कोतवाली थाने के नगर निरीक्षक विजय राजपूत ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में ठगों का कनेक्शन दिल्ली से जुड़ा होने की जानकारी मिली है।

बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अनजान कॉल्स को नजरअंदाज करें। अपने गोपनीय दस्तावेज या ओटीपी किसी को न दें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। इन सावधानियों से अपने धन की सुरक्षा की जा सकती है।

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE •B.Com •M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111